an>

Title: Regarding storage of food grains under oen sky and distressed financial condition of private warehouse owners.

**श्री प्रहलाद सिंह पटेल (दमोह)** ः देश की अनाज भंडारण व्यवस्था एफसीआई के सुपुर्द है लेकिन अनाज भंडारण की योजनाबद्ध कार्य योजना पर गंभीरता से क्रियान्वयन नहीं हो सका है। केन्द्र में एफसीआई, राज्यों में वेयर हाउसिंग कारपोरेशन तथा अन्य निजी भंडार गृहों का निर्माण हुआ है। लेकिन अनेक स्थान ऐसे हैं जहां भंडार गृह ऋण लेकर बनाये गये पर वे रिक्त हैं वहीं दूसरी ओर खुले आसमान के नीचे लाखों टन अनाज रखा गया है। इस विरोधाभास ने गंभीर संकट पैदा कर दिया है। मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा ऐसे राज्य है जहां ऐसी विसंगतियां मौजूद है। छोटे निवेशक तथा किसानों द्वारा ऋण लेकर बनाये गये भंडार गृह न भर पाने के कारण वे बैंकों के ऋण चुका पाने में असमर्थ हैं। वे आर्थिक दिवालियापन के कारण आत्महत्या की स्थिति में हैं। विशेषकर मध्य प्रदेश का आंकलन कर सरकार इन विसंगतियों को दूर करे तथा छोटे निवेशकों एवं किसानों को सुरक्षा प्रदान करने हेतु तुरन्त कार्यवाही करें।